हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 7 सितंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 जैन मंदिर चोरी की पड़ताल पहुंची जंगल तक, बरामद...



07 सभी को सम्मान मिले यही सरकार...











गूगरा खुर्द, नौरोज और पाटन में शराब पीने के बाद बिगड़ी लोगों की तबीयत

बंडा में जहरीली शराब का कहर: 11 मौतों से हड़कंप, दो दर्जन से ज्यादा अस्पताल में भर्ती, आबकारी के तीन अधिकारी निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिले के बंडा अनुविभाग में कथित जहरीली और अवैध शराब ने ऐसा कहर बरपाया कि प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। गूगरा खुर्द, नौरोज और पाटन सहित आसपास के गांवों में शराब पीने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ने और मौतों का सिलसिला सामने आया है। मृतकों का आंकड़ा 11 तक पहुंचने की जानकारी सामने आई है, जबकि दो दर्जन से ज्यादा लोगों के अस्पतालों में भर्ती होने की बात कही जा रही है। कई मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए शासन ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अधिकारियों को निलंबित कर दिया है, जबकि एक वरिष्ठ अधिकारी को मुख्यालय ग्वालियर अटैच किया गया है। पुलिस महकमे में भी कार्रवाई हुई है।शनिवार रात अलग-अलग गांवों में लोगों द्वारा शराब का सेवन किए जाने के बाद अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। कुछ मरीजों के शरीर नीले पड़ने और अकड़न जैसे लक्षण सामने आने की जानकारी है। हालत गंभीर होने पर कई मरीजों को बंडा से सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद प्रभावित गांवों में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने शराब का सेवन करने वाले लोगों की स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य जांच शुरू कराई है।

11 मौतों के बाद शासन की बड़ी कार्रवाई

घटना के बाद राज्य शासन ने आबकारी विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की है। उपायुक्त एवं संभागीय फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी नीरजा श्रीवास्तव को मुख्यालय ग्वालियर अटैच किया गया है। इसके अलावा तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है।

निलंबित अधिकारियों में - कीर्ति दुबे, सहायक आयुक्त आबकारी, सागर] दिलीप खंडाते, सहायक जिला आबकारी अधिकारी, सागर प्रोशनी उरेती, आबकारी उप निरीक्षक, वृत्त बंडा। इसके साथ ही गूगरा चौकी प्रभारी और बंडा थाना प्रभारी को भी निलंबित किया गया है। शासन की इस कार्रवाई को मामले में विभागीय स्तर पर बरती गई कथित लापरवाही के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के तौर पर देखा जा रहा है।

6 शराब दुकानें सील, सैंपल लिए जाएंगे

घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने प्रथम दृष्टया एहतियातन कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की छह शराब दुकानों को सील कर दिया है। इन दुकानों से शराब के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि संदिग्ध शराब कहां से आई, किसने इसकी आपूर्ति की और प्रभावित लोगों तक यह शराब किस माध्यम से पहुंची। अवैध शराब के कारोबार से जुड़े संभावित आरोपियों की भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। प्रशासन का फोकस अब शराब के स्रोत तक पहुंचने और पूरे नेटवर्क का पता लगाने पर है।

कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर और एसपी पहुंचे गांव

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए। सागर संभाग के कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर प्रतिभा पाल और एसपी अनुराग सुजानिया सहित वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित गांवों में पहुंचे। विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी भी मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। अधिकारियों ने ग्रामीणों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही अस्पतालों में भर्ती मरीजों के उपचार और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग की टीमों को प्रभावित गांवों में भेजकर शराब का सेवन करने वाले लोगों की जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने कहा- दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि घटना की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के बयान के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई और तेज हो गई है।

24 से 48 घंटे में शराब पीने वालों से जांच कराने की अपील

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों ने पिछले 24 से 48 घंटे के दौरान शराब का सेवन किया है, वे किसी भी तरह के असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करें। उल्टी, सिरदर्द, बुखार, कमजोरी अथवा अन्य असामान्य लक्षण दिखाई देने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल में जांच कराएं। प्रशासन ने लोगों से लापरवाही नहीं बरतने और चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच से खुलेगा मौतों का राज

आखिर मौतों की वजह क्या रही। पोस्टमार्टम, मेडिकल जांच और शराब के सैंपलों की फोरेंसिक जांच के बाद ही मौतों के वास्तविक कारण की पुष्टि हो सकेगी। संदिग्ध शराब में जहरीला रसायन मिला था या मौतों के पीछे कोई अन्य वजह रही, यह जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। हालांकि, एक साथ बड़ी संख्या में लोगों के बीमार पड़ने और मौतों के बाद बंडा क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार और उसकी निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शासन की कार्रवाई के बाद अब जांच की दिशा और जिम्मेदार लोगों पर होने वाली आगे की कार्रवाई पर सभी की नजर है।

पीड़ितों से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष, सांसद व विधायक ने बीएमसी पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

सागर। बंडा क्षेत्र में कथित अवैध शराब के सेवन से हुई दुखद घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, सांसद डॉ. लता वानखेड़े, विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया एवं जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने उपचाररत मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर हाल जाना तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।जनप्रतिनिधियों ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से मरीजों के स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी लेते हुए सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने घटना में दिवंगत नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने कांग्रेस की बयानबाजी पर पलटवार करते हुए कहा कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होने और उनकी मदद करने का है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन पूरी गंभीरता से आवश्यक कदम उठा रहा है और भाजपा संगठन इस दुख की घड़ी में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।



बंडा शराब त्रासदी: कांग्रेस ने जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन, सांसद का रास्ता रोका

सागर। बंडा क्षेत्र की जहरीली शराब त्रासदी को लेकर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान अस्पताल में अव्यवस्थाओं का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद डॉ. लता वानखेड़े का रास्ता रोककर नाराजगी जताई। बाद में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की मांग की। महेश जाटव ने आरोप लगाया कि यह घटना अवैध शराब माफिया और शासन-प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने कहा कि बंडा क्षेत्र में अवैध शराब की शिकायतें पहले भी की गई थीं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कलेक्टर और एसपी सहित जिम्मेदार पुलिस व आबकारी अधिकारियों को हटाने तथा पूरे जिले में शराब दुकानों की सैंपलिंग और कार्रवाई की मांग की। पूर्व सांसद आनंद अहिरवार ने दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज करने और अवैध शराब के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई।कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता, घायलों का निःशुल्क उपचार और प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता देने की भी मांग की।इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह यादव, रामकुमार पचौरी, मुकुल पुरोहित, डॉ. संदीप सबलोक, किरण सोनी, ताहिर खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। जानकारी पार्टी प्रवक्ता कमलेश तिवारी ने दी।

खबर संक्षेप

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशों के परिपालन में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवरी में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में परियोजना देवरी शहरी के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों से आए बच्चों का चिकित्सकीय दल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर की जांच के साथ-साथ उन्हें निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुपोषित पाए गए बच्चों को चिन्हित कर आवश्यक उपचार एवं पोषण पुनर्वास हेतु पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराया गया, ताकि उन्हें चिकित्सकीय देखरेख में उचित पोषण एवं उपचार उपलब्ध कराया जा सके। शिविर के दौरान बच्चों के अभिभावकों को संतुलित आहार, पोषण एवं बच्चों की नियमित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में आवश्यक परामर्श एवं जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर बीएमओ डॉ. पूजा परमार, डॉ धर्मेंद्र कनेरिया ,बीपीएम सुफिया खान, जय विश्वकर्मा, रजनी विट्ठल, गायत्री लोधी एवं पूनम कुर्मी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला उपस्थित रहा।

श्रवणबेलगोला तीर्थ दर्शन यात्रा के लिए आवेदन 23 सितंबर तक

सागर। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से श्रवणबेलगोला की तीर्थ यात्रा प्रस्तावित की गई है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा श्रवणबेलगोला तीर्थ स्थल के लिए सागर जिले को कुल 111 यात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है, जबकि प्रस्तावित यात्रा 24 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। जिला प्रशासन ने योजना के अंतर्गत पात्र श्रद्धालुओं से निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करने की अपील की है।

डॉ भारती को मिला डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय शिक्षा शिरोमणि सम्मान



गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती को अयोध्या उत्तरप्रदेश के स्वदेश संस्थान भारत द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण, निःस्वार्थ सेवा तथा नव पीढ़ी के निर्माण में उल्लेखनीय योगदान हेतु डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रीय शिक्षा शिरोमणि सम्मान से सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, पुस्तकों का लेखन, अध्ययन, अध्यापन डॉ भारती की उपलब्धि के विशेष आकर्षण रहे हैं। डॉ भारती द्वारा हिंदी भाषा और साहित्य के विभिन्न मुद्दों के अंतर्गत लगभग 35 पुस्तकों का लेखन एवं संपादन विद्यार्थियों के पठन-पाठन हेतु किया गया है। व्यक्तित्व विकास, मीडिया लेखन, दलित विमर्श,स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श तथा हिंदी साहित्य का इतिहास आदि समीक्षात्मक पुस्तकें लिखकर डॉ भारती ने भाषा और साहित्य की सेवा की है। विद्यार्थियों में उनकी पुस्तकें काफी लोकप्रिय हैं। रामकथा पर उनके द्वारा संपादित 6 पुस्तकों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। डॉ० घनश्याम भारती के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित दो अभिनंदन ग्रंथ नई दिल्ली से प्रकाशित हो चुके हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वदेश संस्थान अयोध्या भारत के द्वारा दिए गए इस राष्ट्रीय सम्मान के प्राप्त होने पर डॉ भारती को उनके परिजनों, संस्था के प्राध्यापकों, कर्मचारियों-शुभचिंतकों ने बधाई दी।

घटना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण, अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई हो : पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह



सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर जिले के बंडा विकासखण्ड में जहरीली शराब से हुई जनहानि की घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रशासन को इस घटना में शामिल अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना चाहिए। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मैं सागर से बाहर प्रवास पर होने के कारण घटना में प्रभावित पीड़ित परिवारों से नहीं मिल पाया, लौटते ही मैं पीड़ित परिवारों से मिलूंगा। उन्होंने कहा कि इस घटना की गहराई तक जाकर जांच होना चाहिए ताकि घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो।

गोपाल भार्गव रहे मुख्य अतिथि, अभिषेक भार्गव ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बलिदान की धरती गढ़ाकोटा में गूंजा शौर्य का संदेश, चार अमर सपूतों को नमन के साथ 800 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



नगर के इतिहास में जनसंघर्ष, त्याग और बलिदान की गौरवगाथा को स्मरण करते हुए शनिवार को नगर भवन परिसर, बस स्टैंड गढ़ाकोटा में शौर्य दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के विकास के लिए संघर्ष करने वाले चार अमर सपूत स्व गुलाब यादव, स्व अशोक चौधरी, स्व रफीक खान एवं स्वर्गीय चेतराम कोरी को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। समारोह में 800 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले शिक्षकों का भी श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा द्वारा आयोजित समारोह में पूर्व मंत्री एवं विधायक गोपाल भार्गव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों, गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

चार अमर सपूतों के बलिदान को किया नमन

शौर्य दिवस का मुख्य उद्देश्य गढ़ाकोटा के उस ऐतिहासिक जनसंघर्ष को याद करना रहा, जब नगरवासियों ने तहसील, शासकीय कॉलेज और अस्पताल जैसी आवश्यक सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन किया था। इस संघर्ष में चार लोगों ने जनहित के लिए अपना जीवन न्योछावर किया। समारोह में स्वर्गीय गुलाब यादव, स्वर्गीय अशोक चौधरी, स्वर्गीय रफीक खान एवं स्वर्गीय चेतराम कोरी के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में नगर को प्राप्त सुविधाओं और विकास की नींव के पीछे नागरिकों के लंबे संघर्ष और त्याग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। शौर्य दिवस नई पीढ़ी को इस इतिहास से परिचित कराने का भी माध्यम है।

800 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह रहा। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 800 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को सम्मान मिलने पर उनके चेहरे पर उत्साह और खुशी नजर आई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और निरंतर अध्ययन के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब वहां की युवा पीढ़ी शिक्षित, संस्कारित और प्रतिभाशाली हो।

समारोह में विद्यार्थियों को शिक्षा और संस्कार देने वाले शिक्षकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शिक्षकों को श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके माता-पिता के साथ-साथ शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

शौर्य दिवस समारोह के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों और कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में देशभक्ति, सामाजिक एकता और भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

अमर सपूतों के बलिदान और नगर के गौरवशाली इतिहास से जुड़ी प्रस्तुतियों ने समारोह को भावनात्मक और यादगार बना दिया।

शौर्य, संघर्ष और समर्पण का संदेश

समारोह में शौर्य, संघर्ष और समर्पण की भावना प्रमुख रूप से दिखाई दी। एक ओर जहां चार अमर सपूतों के बलिदान को नमन किया गया, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य अतिथि गोपाल भार्गव की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में नगर के इतिहास, विकास और शिक्षा के महत्व पर विचार रखे गए। वहीं अभिषेक भार्गव द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

शौर्य दिवस समारोह ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि किसी भी क्षेत्र का विकास केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि नागरिकों के संघर्ष, एकजुटता और समर्पण से भी आकार लेता है। गढ़ाकोटा के चार अमर सपूतों का बलिदान नगर के इतिहास में हमेशा स्मरणीय रहेगा।समारोह में जहां शहीदों और संघर्षशील लोगों को श्रद्धांजलि देकर अतीत को याद किया गया, वहीं 800 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों का सम्मान कर वर्तमान की प्रतिभाओं को भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस तरह शौर्य दिवस बलिदान की स्मृति, शिक्षा के सम्मान और नई पीढ़ी के संकल्प का संगम बनकर संपन्न हुआ।



शिक्षक दिवस पर श्री चंद्रप्रभु शाखा ने मोरारजी स्कूल में शिक्षकों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद की चंद्र प्रभु शाखा द्वारा शिक्षक दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोरा जी सागर के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक गणेश राम चिरौलिया, विशिष्ट अतिथि अभिषेक चौबे मैनेजर एसबीआई बैंक गोपाल गंज शाखा सागर थे। शाला प्राचार्य श्रीमती आशा जैन जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

गरिमामय कार्यक्रम में शिक्षक-शिष्य के संबंधों को शाला के छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा प्रेरक प्रसंग, कहानी, गीत, भाषण द्वारा व्यक्त किया गया। मुख्य अतिथि गणेश राम चिरौलिया ने कहा कि शिक्षक दिवस पर ही शिक्षक का सम्मान नहीं होता वरन् प्रति दिवस शिक्षक सम्मानित होता है। शिक्षकों के मार्गदर्शन, प्रेरणा और मित्रवत व्यवहार से छात्र जीवन की हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। प्रांतीय उपाध्यक्ष मंजू जैन ने कहा कि गुरु राष्ट्र का निर्माता होता है वह अपने ज्ञान से कई पीढ़ियों को सुवासित करता है।

इस अवसर पर संस्था के सभी 40 शिक्षक शिक्षिकाओं का श्री चंद्रप्रभु शाखा की पदाधिकाररियों ने श्रीफल, पुष्प मालाओं से सम्मानित किया। प्रांतीय संगठन मंत्री संध्या रांधेलिया , संभाग अध्यक्ष शिवानी सिंघई की गरिमामय उपस्थिति रही। सदस्य अरुणा भड्डुर का विशेष सहयोग रहा। प्रांतीय चेयरपर्सन मंजरी जैन, अर्चना जैन खाद , अध्यक्ष ऋचा शाह, कोषाध्यक्ष नीतू जैन, सदस्य शरद जैन,रजनी जैन, सरोज जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति कार्यक्रम में रही।

उपचुनाव में भाजपा-कांग्रेस में टिकट की दौड़ तेज, कांग्रेस के 7 दावेदारों ने सौंपे बायोडाटा, भाजपा में अभी रायशुमारी का दौर

नगर की कुर्सी के लिए दावेदारों की चुनावी परीक्षा शुरू





हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

नगर की कमान संभालने की चाह रखने वाले राजनीतिक दावेदारों की चुनावी परीक्षा शुरू हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रस्तावित उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों में अंदरूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन के सामने बायोडाटा और अपनी राजनीतिक सक्रियता का ब्यौरा रखना शुरू कर दिया है। कांग्रेस में जहां सात दावेदारों ने बाकायदा अपने बायोडाटा पार्टी के जिला प्रभारी को सौंप दिए हैं, वहीं भाजपा में रायशुमारी और संभावित प्रत्याशियों से संवाद का सिलसिला शुरू हो गया है। 1उपचुनाव को लेकर दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों में टिकट की कवायद फिलहाल शुरुआती दौर में है, लेकिन दावेदारों की सक्रियता ने स्थानीय राजनीति का तापमान बढ़ा दिया है। सबसे खास बात यह है कि दोनों ही दल किसी एक नाम पर तत्काल मुहर लगाने के बजाय संभावित नामों में से तीन-तीन नामों का पैनल तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजेंगे। इसके बाद पार्टी स्तर पर अंतिम नाम पर निर्णय होने की संभावना है।

कांग्रेस में सात नामों ने बढ़ाई टिकट की होड़

कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद के लिए फिलहाल सात दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इन दावेदारों में गौरव शर्मा, संजय नायक, पूनम जायसवाल, अंकित जैन, प्रत्यूष पाठक, जितेंद्र जैन और सुधीर बजाज शामिल हैं। शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर ने संभावित दावेदारों से मुलाकात की। इस दौरान दावेदारों ने पार्टी के समक्ष अपनी दावेदारी रखी और अपने बायोडाटा सौंपे। पार्टी संगठन अब सामने आए नामों पर विचार करते हुए संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नवीन साहू ने बताया कि उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई थी। इसमें सामने आए नामों पर संगठन ने विचार किया है। उन्होंने कहा कि यह अभी शुरुआती तैयारी है और आने वाले दिनों में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कई दौर की बैठकें होंगी। इसके बाद संभावित नामों का पैनल तैयार कर आगे भेजा जाएगा।

भाजपा में अभी रायशुमारी का दौर, क्यूंकि संख्या ज्यादा

दूसरी ओर भाजपा में भी अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। रविवार को भाजपा कार्यालय में उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अध्यक्ष पद के संभावित दावेदारों से चर्चा की गई और उनकी दावेदारी को लेकर संगठन स्तर पर जानकारी जुटाई गई। भाजपा ने नगरीय निकाय उपचुनाव के लिए सतानंद गौतम और गौरव सिरोठिया को प्रभारी बनाया है। दोनों प्रभारी संभावित दावेदारों और स्थानीय संगठन के पदाधिकारियों से चर्चा कर पार्टी की स्थिति और प्रत्याशी चयन को लेकर राय जानेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के मुताबिक संगठन ने उपचुनाव के लिए दोनों प्रभारियों की नियुक्ति की है। इन प्रभारियों के द्वारा सोमवार को बैठक की जा सकती हैं। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी फोन के माध्यम से अपनी दावेदारी जता रहे हैं। दो-तीन लोगों ने बायोडाटा भी भेजे हैं। बैठक में सभी संभावित दावेदारों को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा।

तीन नामों के पैनल पर होगी अंतिम कवायद

नगरपालिका अध्यक्ष पद के उपचुनाव में टिकट वितरण को लेकर दोनों ही प्रमुख दलों ने फिलहाल अपने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि पार्टी संगठन पहले स्थानीय स्तर पर दावेदारों की राजनीतिक सक्रियता, संगठन में पकड़, जनाधार और स्वीकार्यता को लेकर राय जुटाएगा। इसके बाद संभावित नामों में से तीन नामों का पैनल तैयार कर प्रदेश संगठन को भेजा जाएगा। प्रदेश स्तर पर विचार-विमर्श के बाद अंतिम प्रत्याशी के नाम पर फैसला होगा। यही वजह है कि फिलहाल दावेदार अपनी-अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के साथ संगठन के वरिष्ठ नेताओं से संपर्क साधने में जुटे हैं।

भाजपा में ज्यादा दावेदार, बढ़ सकती है अंदरूनी खींचतान

भाजपा में अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों की संख्या कांग्रेस की तुलना में अधिक बताई जा रही है। ऐसे में पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सभी दावेदारों में से सर्वाधिक मजबूत और स्वीकार्य चेहरे का चयन करने की होगी। दावेदारों की संख्या अधिक होने के कारण टिकट की दौड़ के साथ-साथ संगठन के भीतर राजनीतिक समीकरण भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आने वाले कुछ दिन दोनों दलों के लिए अहम माने जा रहे हैं। बैठकों, रायशुमारी और दावेदारों से व्यक्तिगत चर्चा के बाद तस्वीर धीरे-धीरे साफ होने की उम्मीद है। फिलहाल नगर की राजनीतिक गलियों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर किस चेहरे को पार्टी नगर की कमान सौंपने का मौका देती है। उपचुनाव की औपचारिक प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के संभावित प्रत्याशियों को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगने की संभावना है। फिलहाल टिकट की दौड़ में शामिल दावेदार पूरी ताकत से संगठन के सामने अपनी दावेदारी पेश करने में जुटे हैं।

केक-पार्टी नहीं, जरूरतमंदों के साथ बांटी जन्मदिन की खुशियां

चार साल के वेदांत ने पेश की मानवता की मिसाल मरीजों को बांटे फल, दोनों हांथो से मिला आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

आधुनिक दौर में जहां जन्मदिन मनाने के लिए लोग बड़ी-बड़ी पार्टियां आयोजित कर अपनी खुशी जाहिर करना जरूरी समझते हैं, वहीं टीकमगढ़ में महज चार साल के एक मासूम ने अपने जन्मदिन को सेवा और मानवता से जोड़कर समाज के सामने प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। शहर के राजमहल मोहल्ला निवासी आशीष अहिरवार के चार वर्षीय पुत्र वेदान्त ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अस्पताल पहुंचकर मरीजों के बीच फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। जन्मदिन के मौके पर नन्हा वेदान्त जब मरीजों के बीच फल लेकर पहुंचा और अपने हाथों से उन्हें फल वितरित किए तो अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। मासूम के इस सेवाभावी रूप को देखकर लोगों ने उसे स्नेहपूर्वक आशीर्वाद दिया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

वेदान्त के हाथों से फल पाकर मरीजों ने भी उसे दोनों हांथो से जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। चार वर्ष की छोटी सी उम्र में वेदान्त द्वारा किए गए इस सेवा कार्य ने यह संदेश दिया कि खुशियां केवल स्वयं तक सीमित रखने के बजाय जरूरतमंदों के साथ बांटी जाएं तो उनका महत्व और बढ़ जाता है। परिवार द्वारा जन्मदिन को इस तरह मनाने की पहल की अस्पताल में मौजूद लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। परिवार की ओर से बताया गया कि जन्मदिन को जरूरतमंदों की सेवा के साथ मनाने का उद्देश्य बच्चों में बचपन से ही मानवता, संवेदनशीलता और सेवा भावना के संस्कार विकसित करना तथा समाज में दूसरों की मदद करने का संदेश देना है। परिवार का मानना है कि जन्मदिन पर होने वाले अनावश्यक खर्च के बजाय यदि जरूरतमंदों की मदद की जाए तो इससे मिलने वाली खुशी और संतुष्टि कहीं अधिक होती है। इस अवसर पर अशोक अहिरवार, सुनील अहिरवार, दीनबंधु अहिरवार, दामोदर अहिरवार, पत्रकार परशुराम अहिरवार, रामचरण अहिरवार, सियाराम अहिरवार, जमना अहिरवार, कैलाश अहिरवार, पी.डी. अहिरवार, दयाराम अहिरवार, लखनलाल अहिरवार, मुकेश अहिरवार मवई, मुन्नालाल अहिरवार, एच.के. अहिरवार सहित मरीजों और उनके परिजनों ने वेदान्त को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उसकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नन्हे वेदान्त ने अपने जन्मदिन पर मरीजों के बीच फल बांटकर न केवल उन्हें खुशी दी, बल्कि बदले में लोगों से जो स्नेह और दुआएं हासिल कीं, वही उसके जन्मदिन का सबसे अनमोल उपहार बन गईं। चार वर्षीय वेदान्त की यह पहल बताती है कि समाज में सेवा और मानवता की भावना पैदा करने के लिए उम्र नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और सोच जरूरी है।

खड़े वाहन की वायरिंग चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

टाटा वाहन की पूरी वायरिंग चुरा ले गए नाबालिग



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

शहर में खड़े वाहन से पूरी वायरिंग चोरी किए जाने के मामले का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी के इस मामले में तीन बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से चोरी गई वाहन की वायरिंग बरामद की है। बरामद मशरूका की अनुमानित कीमत करीब 47 हजार रुपए बताई गई है। चोरी की वारदात में नाबालिगों की संलिप्तता सामने आने के बाद पुलिस के साथ-साथ क्षेत्र में भी इसे लेकर चिंता जताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पतारसी की और चोरी गया माल बरामद करने में सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार नया बस स्टैंड निवासी अभिषेक दीक्षित ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात उसका टाटा वाहन क्रमांक एमपी 15 जेड जे 4223 खड़ा हुआ था। अगले दिन जब वह वाहन के पास पहुंचा तो वाहन की पूरी वायरिंग गायब मिली। अज्ञात चोर वाहन की वायरिंग निकालकर ले गए थे। वायरिंग चोरी होने के कारण वाहन पूरी तरह बंद हो गया था। फरियादी ने आसपास के लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की, लेकिन चोरों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। चोरी की इस वारदात से वाहन मालिक को करीब 47 हजार रुपए की आर्थिक क्षति होना बताया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने चोरी गए माल की बरामदगी और आरोपियों की पहचान के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस टीम द्वारा लगातार संदिग्धों की जानकारी जुटाई गई और संभावित स्थानों पर पतारसी की गई।

फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने जुटाए साक्ष्य, करीब 45 मिनट जंगल में रहे एसडीओपी

पुलिस बोली-खुलासे के करीब, जल्द गिरफ्तारी

जैन मंदिर चोरी की पड़ताल पहुंची जंगल तक, बरामद हुई पेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

शहर के श्री जी जैन मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस की जांच अब एक अहम मोड़ पर पहुंचती नजर आ रही है। चोरी की वारदात के बाद लगातार सुराग जुटा रही पुलिस को मंदिर से चोरी हुई पेटी जंगल क्षेत्र से बरामद होने की जानकारी सामने आई है। पेटी मिलने के बाद पुलिस को उम्मीद है कि यह चोरी की वारदात के आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है। हालांकि पुलिस ने अभी बरामदगी और जांच से जुड़े अन्य तथ्यों का आधिकारिक रूप से विस्तृत खुलासा नहीं किया है।

जैन मंदिर में चोरी की घटना के बाद से ही एसडीओपी राहुल कटरे के निर्देशन में पुलिस टीम लगातार संभावित सुरागों की तलाश में जुटी थी। मुखबिर तंत्र को सक्रिय करने के साथ संदिग्ध गतिविधियों और संभावित स्थानों पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को मंदिर से चोरी हुई पेटी जंगल क्षेत्र में होने की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद एसडीओपी राहुल कटरे स्वयं मौके पर पहुंचे और पेटी मिलने की जानकारी पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में आगे की कार्रवाई की गई। मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम को भी बुलाया गया, जिसने वहां पहुंचकर बरामद पेटी सहित संभावित साक्ष्यों की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि एसडीओपी राहुल कटरे अपने कुछ पुलिसकर्मियों के साथ करीब 45 मिनट तक जंगल क्षेत्र में मौजूद रहे। इस दौरान पुलिस टीम ने आसपास के क्षेत्र में संभावित सुरागों की तलाश की। एसडीओपी राहुल कटरे के मौके पर पहुंचने के बाद कोतवाली थाना पुलिस भी जंगल पहुंची और बरामद पेटी तथा घटनास्थल से मिले अन्य संभावित साक्ष्यों को जांच के दायरे में लिया गया। जंगल से मंदिर की चोरी हुई पेटी मिलने के बाद पुलिस के सामने अब सबसे अहम सवाल यह है कि आखिर मंदिर से चोरी की गई पेटी जंगल तक कैसे पहुंची और इसे वहां कौन लेकर आया? क्या चोरों ने वारदात के बाद पेटी को जंगल में छिपाया था या फिर पुलिस की गतिविधियों से बचने के लिए इसे किसी अन्य स्थान से वहां पहुंचाया गया? इन सवालों के जवाब जांच आगे बढ़ने के साथ सामने आने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार बरामद पेटी और मौके से जुटाए गए संभावित साक्ष्यों को जांच में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम द्वारा जुटाए गए साक्ष्यों की जांच के बाद पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिल सकती है। पुलिस अब बरामदगी को चोरी की पूरी घटना से जोड़कर कड़ियां तलाशने में जुटी है। मामले को लेकर एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि पुलिस चोरी के इस मामले के खुलासे के करीब है। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है, इसलिए फिलहाल इससे जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की जा सकती।




हृदय रोग और स्ट्रोक से बचाव बताएगा फिजियोथेरेपी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के अवसर पर मंगलवार 8 सितंबर को जिला अस्पताल टीकमगढ़ में निशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों और मरीजों को फिजियोथेरेपी के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा विभिन्न शारीरिक समस्याओं से बचाव एवं उपचार के संबंध में उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना है। शिविर में मरीजों को फिजियोथेरेपी से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग शारीरिक समस्याओं में फिजियोथेरेपी की उपयोगिता, उपचार के तरीके और आवश्यक सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही मरीजों को यह भी समझाया जाएगा कि नियमित व्यायाम और उचित फिजियोथेरेपी के माध्यम से कई शारीरिक परेशानियों से बचाव किया जा सकता है। इस वर्ष विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का वैश्विक विषय हृदय रोग एवं स्ट्रोक की रोकथाम और फिजियोथेरेपी रखा गया है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल में आयोजित होने वाला शिविर हृदय रोग और स्ट्रोक की रोकथाम में फिजियोथेरेपी की भूमिका पर केंद्रित रहेगा। शिविर के दौरान लोगों को हृदय संबंधी बीमारियों और स्ट्रोक के जोखिम को कम करने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, नियमित व्यायाम करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही विभिन्न शारीरिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार फिजियोथेरेपी के संभावित लाभ और उपचार संबंधी जानकारी दी जाएगी। फिजियोथेरेपी का उपयोग चोट, मांसपेशियों और जोड़ों की समस्या, चलने-फिरने में परेशानी तथा कई अन्य शारीरिक स्थितियों में पुनर्वास के लिए किया जाता है। ऐसे में जिला अस्पताल में आयोजित निशुल्क शिविर मरीजों के साथ-साथ आम नागरिकों के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है।

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया आंखों देखा हाल, सागर बाईपास पर आधी रात बड़ा हादसा टला, छाया रहता है अंधेरा

नशे में धुत 6 युवकों की कार डूबी तालाब में, पुलिस ने कूदकर बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ

शहर के महेंद्र सागर तालाब के सागर बाईपास पर शनिवार देर रात उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब तेज रफ्तार बलेनो कार अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। कार में छह युवक सवार थे। बताया जा रहा है कि सभी युवक पार्टी के बाद घर लौट रहे थे और नशे की हालत में धुत थे। तालाब में गिरने के बाद कार पलट गई और उसमें सवार युवक अंदर फंस गए। इसी दौरान मौके पर पेट्रोलिंग कर रही डायल-112 पुलिस टीम और स्थानीय युवकों ने तत्काल पानी में उतरकर सभी छह



युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते हुए हुए इस रेस्क्यू के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे की है। टीकमगढ़ शहर के रहने वाले छह दोस्त बलेनो कार से सागर बाईपास से गुजर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार तेज थी। इसी दौरान चालक ने अचानक वाहन की दिशा बदलने का प्रयास किया, लेकिन कार का संतुलन बिगड़ गया। बताया गया है कि तालाब में गिरने से पहले कार एक बिजली के खंभे से भी टकराई और इसके बाद अनियंत्रित होकर सीधे महेंद्र सागर तालाब में जा गिरी। पानी में गिरते ही कार पलट गई और उसमें सवार छह युवक फंस गए।

पुलिसकर्मी व स्थानीय युवकों ने लगाई तालाब में छलांग–हादसे के समय संयोग से हाईवे पर डायल-112 का वाहन पेट्रोलिंग कर रहा था। वाहन चालक करन वास्केले और पायलट योगेश पाठक ने कार को तालाब में गिरते देखा तो बिना समय गंवाए पानी में उतर गए। इसी दौरान वहां मौजूद स्थानीय युवक आनंद गौर और उनके दो साथियों ने भी पुलिसकर्मियों की मदद के लिए तालाब में छलांग लगा दी। पुलिस और स्थानीय युवकों ने संयुक्त प्रयास करते हुए कार में फंसे सभी छह युवकों को बाहर निकाल लिया। प्रत्यक्षदर्शी आनंद गौर के अनुसार, कार तालाब में गिरने के बाद करीब आधे घंटे तक स्टार्ट रही। यदि समय रहते पुलिस और स्थानीय लोगों की नजर कार पर नहीं पड़ती तो हादसा गंभीर रूप ले सकता था। राहत की बात यह रही कि सभी युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

नीट के छात्र होने की बात आई सामने–प्रत्यक्षदर्शी आनंद गौर ने बताया कि तालाब में गिरने के लगभग आधा घंटे तक कार पानी में स्टार्ट पड़ी रही। आनंद गौर के मुताबिक रेस्क्यू के बाद जब कार सवार युवकों से पूछताछ की गई तो उन्होंने स्वयं को नीट की तैयारी करने वाले छात्र बताया। युवकों ने बताया कि वे जिले से बाहर रहकर पढ़ाई करते हैं और टीकमगढ़ लौटने पर दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद अपने-अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हालांकि पुलिस की ओर से फिलहाल कार सवार युवकों के नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

रात के अंधेरे पर उठे सवाल, स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

घटना के बाद सागर बाईपास की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय निवासी और प्रत्यक्षदर्शी आनंद गौर का कहना है कि बाईपास पर रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं रहती। यहां स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग कई बार की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महेंद्र सागर तालाब के किनारे से गुजरने वाले इस मार्ग पर रात के समय अंधेरा रहने के कारण वाहन चालकों को सड़क की स्थिति और मोड़ का अंदाजा लगाने में परेशानी होती है। ऐसे में यहां पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए जाने की आवश्यकता है।

एक लापरवाही और छह जिंदगियां पड़ सकती थी भारी

शनिवार की रात हुआ यह हादसा महज कुछ सेकंड की लापरवाही में छह जिंदगियों पर भारी पड़ सकता था। तेज रफ्तार, कथित नशे की हालत और रात में कम रोशनी के बीच वाहन चलाने के कारण कार तालाब में जा गिरी। गनीमत रही कि घटना के समय पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके के आसपास मौजूद थी और स्थानीय युवकों ने भी साहस दिखाते हुए तत्काल मदद की।

प्रभारी मंत्री ने ली जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक

सभी को सम्मान मिले यही सरकार की प्राथमिकता:शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

प्रदेश में सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव और जरुरतमंद को प्राथमिकता के आधार पर मिलना चाहिए, यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में जातिगत रूप से भेदभाव बिलकुल स्वीकार नहीं होगा। अफसर जातिगत आधार पर मिलने वाली सुविधाओं का वितरण जिम्मेदारी के साथ करें जातिगत भेदभाव को रोकने तत्काल प्रभावी कार्रवाई करें। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में अफसरों को निर्देशित करते हुए कही।

जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही शासन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराए। अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दी जाने वाली राहत की भी पीडितों तक जानकारी पंहुचाए जिससे हर पीड़ति को लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में मौजूद विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने कराहल क्षेत्र में आदिवासियों से जुडी समस्या बताते हुए निराकरण की मांग की। कलेक्टर शीला दाहिमा ने प्रभारी मंत्री को बताया कि अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज दुष्कर्म तथा हत्या के प्रकरणों में चिकित्सकों द्वारा स्पष्ट अभिमत दिए जाने के निर्देश डॉक्टरों को दिए गए हैं। जिले में अनुसूचित जाति तथा जनजाति परिवारों को शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वे खुद और अन्य अधिकारी भ्रमण के दौरान इसकी समीक्षा करते है। बैठक में जिपं अध्यक्ष गुडडी बाई, सहरिया विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, विधायक मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण,पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान, दुर्गालाल विजय, भाजपा नेता महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह जाट, अरविन्द सिंह जादौन, गिर्राज सिंह चौधरी,नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग, एसपी मोती उर रहमान, सीईओ जिपं कार्तिकेय जायसवाल,एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, बीएस श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और राजनेता मौजूद थे।



बड़ौदा को मिलेगी जल भराव से स्थाई निजात!

प्रभारी मंत्री ने शनिवार को आई बाढ़ की समीक्षा भी की इस दौरान उन्होंने बड़ौदा में भर जाने वाले नालों के पानी की समस्या का स्थाई निदान करने के सुझाव मांगे नगर परिषद अध्यक्ष भरोसी बाई ने बताया कि पहले मामूली बारिश में ही जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं हुआ है। नाला सफाई होने अथवा गहरीकरण से पानी आसानी से निकल रहा है लेकिन जो निचले क्षेत्र हैं वहां जल भराव की प्राकृतिक समस्या है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बड़ौदा में जल भराव की समस्या का स्थाई निदान के लिए दोबारा से प्लानिंग की जाए जिसके अच्छे आर्किटेक्ट इंजीनियरों से डीपीआर तैयार करवाई जाए जिसे बाद में शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। उक्त डीपीआर को स्वीकृत करवाने एवं पैसा दिलाने की जिम्मेदारी मेरी है मैं मुख्यमंत्री से अनुरोध कर सरकार से इस काम के लिए पैसा दिलाने का भरपूर प्रयास करूंगा लेकिन प्लानिंग ऐसी होना चाहिए की समस्या का स्थाई निदान हो जाए बार-बार की समस्या नहीं रहनी चाहिए।

रामेश्वर त्रिवेणी संगम के विकास के लिए बनेगी कार्य योजना

प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने जन-जन की आस्था का प्रतीक जेनी-मानपुर में स्थित रामेश्वर त्रिवेणी धाम को विकसित करने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस स्थल को विकसित करने के लिए पहले भी प्रयास किए गए लेकिन वन विभाग-घडियाल अभ्यारण के अड़ंगो से काम नहीं हो सका। उन्होंने हाल ही में मंदिर की बाउंड्री वालों को रोके जाने के प्रश्न के बारे में कहा कि हम सिर्फ बाउंड्रीवॉल की बात नहीं कर रहे हैं न ही हम बाउंड्रीवॉल करने तक सीमित रहना चाहते हैं। बल्कि हम उस पूरे क्षेत्र को इस डिजाइन से विकसित करने की योजना बनाना चाहते हैं जिससे धार्मिक आस्था का सम्मान होने के साथ-साथ जिले में पर्यटन की कमी भी यह स्थल पूरी कर सके। यह ऐतिहासिक स्थल धार्मिक और दार्शनिक रूप से प्रसिद्धि पाए ऐसी प्लानिंग करने की जरुरत है। यहां अच्छे से अच्छा विकास किस तरह हो सकता है और काम करने में आने वाली अडचनों को दूर करने के लिए क्या प्रयास किए जाएंगे इसकी तैयारी सात दिवस में कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने कहा कि शासन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव को मैं खुद मुख्यमंत्री से अनुरोध कर स्वीकार करवाऊंगा और जरूरत पड़ने पर जो भी अड़ंगा आएंगा उसको दूर करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने साथ-साथ यह भी कहा कि ऐसी प्लानिंग बनाई जाए जिसमें अड़ंगा कम हो और काम आसानी हो जाए।

सोंईकलां सरपंच की पहल पर आयोजित द्वितीय बस यात्रा के दौरान उमड़ा आस्था का सैलाब

5 बसों में सवार होकर 400 से अधिक श्रद्धालु रामदेवजी के दर्शनों के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बाबा रामदेव महाराज के प्रति आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम रविवार को सोंईकलां कस्बे में उस समय दिखाई दिया, जब ग्राम पंचायत सोईकलां के सरपंच हरिसिंह रावत की पहल पर बाबा रामदेव महाराज की द्वितीय बस यात्रा धूमधाम एवं भक्तिमय माहौल के बीच रवाना हुई। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा, पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने सोंईकला पहुंचकर बस यात्रा को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान पांच बसों में सवार होकर 400 से अधिक श्रद्धालु रामदेवरा के लिए रवाना हो गए।

रविवार की सुबह इस यात्रा का शुभारंभ सोंईकलां कस्बे के बाबा रामदेव जी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने गांव घेर बालाजी पहुंचकर दर्शन किए। यात्रा गांव के मुख्य बाजार और बस स्टैंड से होते हुए सरपंच निवास पहुंची, जहां से पांचों बसों को रामदेवरा के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पूरा गांव बाबा के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ग्रामीणों में यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। इस यात्रा में शामिल श्रद्धालु जोगनिया माई, सांवरिया सेठ, नाथद्वारा, चित्तौड़गढ़, अजमेर, पुष्कर, मेड़ता, मीरा बाई मंदिर, जोधपुर, मसूरिया पीर, रानी बाग, पोकरण होते हुए रामदेवरा पहुंचकर बाबा रामदेव जी महाराज के दर्शन करेगे। सरपंच हरिसिंह रावत ने कहा कि धार्मिक यात्राएं केवल दर्शन तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि समाज को जोड़ने, भाईचारा बढ़ाने और हमारी धार्मिक परंपराओं को मजबूत करने का माध्यम भी हैं।

मोबाइल दुकान में चोरी करने वाला एक आरोपी पकड़ा, दूसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कराहल थाना पुलिस ने मोबाइल दुकान में हुए चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया है। लेकिन दूसरा आरोपी अभी फरार बताया गया है। पकड़े गए आरोपी से पुलिस ने चोरी गया मालमशरूका बरामद कर लिया है। कराहल टीआई भारत सिंह गुर्जर ने बताया कि 3 सितंबर को धर्मेन्द्र सिंह परमार निवासी आम का सहराना कराहल ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कराहल स्थित गैस एजेंसी के सामने लगी उसकी मोबाइल दुकान से चोरी हो गई। चोर दुकान के पीछे से चद्दर तोडकर लैपटॉप, मोबाइल सहित कुल मशरूका 4600 रूपए का चोरी कर ले गए।

चोरी के इस मामले का खुलासा करते हुए राजेश पुत्र मनीराम कुशवाह निवासी चिंताहरण मोहल्ला कराहल को दबोच लिया है। जिसने चोरी की वारदात को अपने साथी गोविंद उर्फ फत्ते कुशवाह पुत्र महेश ओझा निवासी कराहल की मदद से अंजाम देना स्वीकार कर लिया है। राजेश के कब्जे से चोरी का सामान लेपटॉप, मोबाइल, चार्जर, डिस्प्ले आदि बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है और दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

मोरडूंगरी नदी में बहे युवक का शव मिला पुलिस ने पीएम के बाद परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने से होकर बहने वाली मोरडूंगरी नदी में दो दिन पहले बहे युवक का शव मिल गया है। जिसे कोतवाली थाना पुलिस ने बरामद करने के बाद रविवार को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि रघुवीर 35 वर्ष पुत्र छोटेलाल आदिवासी दो दिन पहले मोरडूंगरी नदी में आए उफान के दौरान पैर फिसल जाने के कारण बह गया। इस मामले की सूचना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश नदी में कर रही थी। नदी में तलाश किए जाने के दौरान रघुवीर का शव बर्धाबुजुर्ग गांव के पास से मिला है। पुलिस ने शव को नदी से बरामद करने के बाद उसका जिला अस्पताल में लाकर पीएम करवाया और उसके शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

अस्पताल में इलाज के दौरान मृत बुजुर्ग की हुई शिनाख्त

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मृत हुएअज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति की शिनाख्त हो गई है। पुलिस ने शिनाख्त होने के बाद उसका पीएम कराकर उसके शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने बताया कि जिला अस्पताल में जो बुजुर्ग व्यक्ति मृत हुआ है,उसकी पहचान रोशन रावत 71 वर्ष पुत्र हटीला रावत अटार बावडी जिला मुरैना के रूप में हुई है।

13 को आयोजित होगा युवा सम्मेलन,जुटेंगे राष्ट्रवादी युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इन दिनों मनाए जा रहे संघ शताब्दी वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन संघ के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में अब युवा सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। श्योपुर नगर में यह युवा सम्मेलन 13 सितंबर को दोपहर 3 बजे मोतीकुंज में आयोजित होगा। बताया गया है कि युवा सम्मेलन में नगर के सभी राष्ट्रवादी सोच रखने वाले युवाओ को आमंत्रित किया जाएगा। इस सम्मेलन को लेकर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो गया है।

आज रवाना होगी महाकाल की बाइक यात्रा

श्योपुर। उज्जैन में विराजित बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए एक बाइक यात्रा 7 सितंबर को श्योपुर से रवाना होगी। इस साल श्योपुर से जाने वाली इस तीसरी बाइक यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया है कि सोमवार को यह बाइक यात्रा भूतेश्वर महादेव मंदिर से आरंभ होकर शहर के टोडी गणेश मंदिर पर पहुंचेगी। जहां पूजा अर्चना के बाद यह बाइक यात्रा उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी। यात्रा का पहला रात्रि विश्राम राजस्थान के खानपुर में रहेगा। जबकि मंगलवार को यात्रा का दूसरा रात्रि विश्राम पिपलिया के बालाजी मंदिर पर रहेगा और बुधवार को यात्रा का तीसरा रात्रि विश्राम उज्जैन के मंगलनाथ रोड स्थित निर्वाणी अखाडे में रहेगा। गुरूवार को निर्वाणी अखाडे से सभी यात्री पैदल यात्रा करते हुए बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचेगे और झंडा चढ़ाकर अपनी यात्रा का समापन करेंगे।

युवा है वायु-यूथ इंटरेक्शन सेंशन कार्यक्रम 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में क्रिएटिव श्योपुर पहल के अंतर्गत आयोजित ि ए जा रहे विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों के क्रम में युवा संवाद पर आधारित अगला कार्यक्रम युवा है वायु- यूथ इंटरेक्शन सेंशन आगामी 17 सितंबर को पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज श्योपुर में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टरशीला दाहिमा ने प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा को उक्त कार्यक्रम की तैयारियां करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को उक्त कार्यक्रम से जोडने के निर्देश दिये हैं।

सब्जीमंडी और बाजार में पानी भरने से डूबी दुकानें, पुल पर रुकी आवाजाही

फिर उफनी विजयपुर की क्वारी नदी दूसरे दिन भी विस्थापित हुए दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विजयपुर में शनिवार को बाढ़ का दंश झेल चुके सब्जीमंडी और बस स्टैंड के आसपास के दुकानदारों को रविवार को फिर उसी मुश्किल का सामना करना पड़ा जिस मुश्किल से उन्हें एक दिन पहले गुजरना पड़ा था। रविवार को भी दोपहर के बाद अचानक क्वारी नदी में उफान आ गया जिससे सब्जी मंडी की दुकानें फिर पानी में डूब गई और बस स्टैंड की दुकान में भी पानी भर गया। ज्ञात हो कि शनिवार को जहां सब्जी मंडी की दुकानों में पानी भर जाने से बड़ी संख्या में सब्जियां बर्बाद हो गई थी वही बस स्टैंड के दुकानदारों को प्रशासन नें दुकाने खाली करवाकर सामान शिफ्ट करवाया था।

रविवार को दोपहर 12 के बाद क्वारी नदी में अचानक पानी बढ़ने लगा और पानी दोपहर बाद करीब 3 बजे तक पुल को छू गया जिससे अफरा-तफरी मच गई आनन-फानन में दुकानदार अपनी दुकानों से सामान निकाल कर घरों पर ले गए निचली बस्तियों में रहने वाले लोग जो कल ऊंचाई वाले स्थान पर शिफ्ट हो गए थे वह भी आकर रहते उससे पहले ही दोबारा से पानी ने उन्हें वापस वही भेज दिया जहां से आज आए थे उधर पुल पर पानी आ जाने और किसी अनहोनी से बचने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने लोगों की भीड़ को पुल पर आने से रोकने के लिए बैरिकेट लगाकर रोक दिए ताकि अनहोनी न हो सके। साथ ही प्रशासन ने मुनादी कराकर लोगों को होशियार रहने और विषम परिस्थिति में सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की अपील की साथ ही जरूरत पड़ने पर आपातकालीन नंबर पर फोन करने के सुझाव भी दिए गए।

साढ़े तीन माह बाद भी पुलिस नहीं कर पाई द्रोपदी हत्याकांड का खुलासा

गुर्जर समाज के लोगों ने घेरा कराहल थाना, रोका प्रभारीमंत्री का काफिला, हत्यारों को जल्द पकड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र में हुए द्रोपदी हत्याकांड का खुलासा पुलिस करीब साढ़े तीन माह का लंबा वक्त गुजारने के बाद भी नहीं कर पाई है। पुलिस की इस नाकामी से आक्रोशित गुर्जर समाज के लोगों ने रविवार को एक फिर कराहल थाने पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कराहल कस्बे से होकर गुजर रहे जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला के काफिले को भी कराहल थाने के सामने रोक लिया और द्रोपदी के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग उठाई। इस दौरान ग्रामीणों और परिजनों ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि द्रोपदी की हत्या को साढ़े तीन महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस प्रशासन अभी तक हत्यारों को पकड़ने में नाकाम रहा है। जांच के नाम पर काफी लंबा वक्त गुजार दिए जाने के बाद भी पुलिस अभी तक मामले का खुलासा क्यों नहीं कर पाई।

रविवार की दोपहर को कराहल थाने पर एकत्रित हुए गुर्जर समाज सहित सर्व समाज के लोगो ने यहां से गुजर रहे प्रभारीमंत्री के काफिले को रोक लिया। प्रभारी मंत्री का काफिला रुकते ही पुलिस-प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान प्रभारीमंत्री राकेश शुक्ला भी अपनी गाडी से उतरकर उनके काफिले को रोकने वाले ग्रामीणो के पास चर्चा करने के लिए पहुंच गए। ग्रामीणों ने प्रभारीमंत्री को ज्ञापन सौपते हुए अवगत कराया कि कराहल कस्बे के चार खंभा गुर्जर बस्ती निवासी द्रोपदी बाई की हत्या को करीब साढे तीन माह का वक्त बीत गया है। लेकिन पुलिस इस मामले का खुलासा अभी तक नहीं कर पाई है। जबकि इस मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों से कई बार चर्चा की जा चुकी है। हर बार उन्हें कोरा आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। इस हत्याकांड का खुलासा न होने से पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त बना हुआ है। इसलिए इस हत्याकांड का खुलासा जल्द से जल्द करवाते हुए हत्यारों को पकडा जाए।



प्रभारीमंत्री के आश्वासन पर एसपी से मिला प्रतिनिधी मंडल

अपनी गाडी से उतरे प्रभारीमंत्री राकेश शुक्ला ने ग्रामीणों को चर्चा के दौरान बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी है और वे इस मामले का खुलासा किए जाने के लिए पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर चुके है। उन्होने आश्वासन देते हुए कहा कि निश्चित ही इस मामले का खुलासा जल्द कर लिया जाएगा। इसके लिए समाज का एक प्रतिनिधी श्योपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करें। प्रभारीमंत्री के आश्वासन पर गुर्जर समाज के लोगो का एक प्रतिनिधी मंडल श्योपुर पहुंचा और एसपी मोतीउर रहमान से इस हत्याकांड को खुलासा किए जाने को लेकर चर्चा की। इस दौरान एसपी के द्वारा इस मामले का खुलासा जल्द किए जाने का आश्वासन दिया है।

दो संदिग्धों का पुलिस कराएगी नार्को टेस्ट

पुलिस को इस हत्याकांड में परिवार के ही कुछ नजदीकी लोगों के शामिल होने का शक है। पुलिस के सूत्रों की माने तो पुलिस को जिन दो लोगों पर इस हत्याकांड में शामिल होने का शक है, उनके नाम भी पुलिस की ओर से रविवार को प्रदर्शन करने वाले लोगों को बता दिए गए हैं। इस दौरान गुर्जर समाज के प्रतिनिधी मंडल में शामिल लोगों ने भी साफ कह दिया कि यदि परिवार का कोई नजदीकी इसमें शामिल है तो उसे भी पकड़कर इस हत्याकांड का खुलासा किया जाए। बताया जा रहा है कि पुलिस अधिकारियों के द्वारा संदिग्ध बताए जा रहे दो लोगों का नार्को टेस्ट करवाए जाने और नार्को टेस्ट की प्रक्रिया में थोड़ा समय लगने की बात कहते हुए मामले का खुलासा जरूर किए जाने का आश्वासन दिया है।

इनका कहना है...

यह मामला मेरी जानकारी में है और इसका खुलासा जल्द किया जाएगा। एसपी से इस मामले की जानकारी लेने के बाद इसका खुलासा जल्द किए जाने के लिए निर्देश दिए गए है।

राकेश शुक्ला
प्रभारीमंत्री श्योपुर

प्रभारी मंत्री के आश्वासन पर समाज के प्रतिनिधी मंडल ने श्योपुर पहुंचकर एसपी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एक माह के भीतर मामले का खुलासा करने का भरोसा दिया गया है। यदि एक माह बाद भी इस हत्याकांड का खुलासा नहीं होगा तो समाज के लोग फिर से सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सतेन्द्र सिंह गुर्जर
युवा समाजसेवी श्योपुर

जयकारों के साथ रवाना हुई सांवरिया सेठ की बाइक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



बडौदा तहसील क्षेत्र के ग्राम ललितपुरा स्थित चैनपुरिया के हनुमान मंदिर से रविवार को सांवरिया सेठ के दर्शनों के लिए बाइक यात्रा जयकारों के साथ रवाना हुई। सांवरिया सेठ समिति के नेतृत्व में आयोजित इस दूसरी बाइक यात्रा के शुभारंभ अवसर पर विधायक बाबू जंडेल समेत कई धर्मप्रेमी लोग मौजूद थे।

चैनपुरिया हनुमान मंदिर पर विधिवत पूजा अर्चना और ध्वज पूजन के साथ रवाना हुई इस बाइक यात्रा के दौरान बडी संख्या में धर्मप्रेमी लोग शामिल थे। जो सांवरिया सेठ के जयकारे लगाते हुए अपने गतंव्य की ओर रवाना हो गए।

प्रभारी मंत्री ने दिखाई जागरुकता रथ को हरी झंडी

श्योपुर। जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला द्वारा रविवार को बेटी बचाओ- बेटी पढाओ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्रामीण क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। महिला बाल विकास अधिकारी श्यामबाबू खरे ने बताया कि यह जागरूकता रथ श्योपुर जिले की तीनों प्रमुख तहसीलों के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर जन-जन तक पहुँचेगा। श्योपुर तहसील अंतर्गत ढेंगदा, श्योपुर शहरी क्षेत्र, बड़ौदा क्षेत्र, सोंईकलां, और प्रेमसर, कराहल तहसील अंतर्गत कराहल और सेसईपुरा विजयपुर तहसील अंतर्गत विजयपुर, वीरपुर, और सहसराम आदि ग्रामों में भ्रमण कर बेटी बचाओं-बेटी पढाओं का संदेश देगा।



खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुधाया निवासी आकेश आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोहित और रघुवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत महौली निवासी अरबिंद अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरिसिंह दांगी ने उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खानपुर निवासी रामलखन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चंचल, हरिसिंह बिरमाल, प्रिन्स यादव ने उससे मारपीट की।

युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी राजा पुत्र रामचरण आदिवासी उम्र 25 साल ने कल्याण आदिवासी के घर के पीछे ग्राम भांडरी में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

बाइक से गिरकर युवक की मौत

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम परसोलिया में पुलिया के पास एक युवक मोटरसाइकल से गिरकर घायल हो गया जिससे उसकी मौत हुई। महेश पुत्र पहलवान सिंह केवट ने पुलिस को बताया कि ग्राम मुहांसा थाना मायापुर शिवपुरी निवासी 25 वर्षीय छोटू पिता संग्राम सिंह केवट की बाइक परसोलिया की पुलिया से टकरा गई जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग काम कर जांच प्रारंभ कर दी है।


मोटरसाइकिल से गिरने से महिला की मौत

अशोकनगर। ईसागढ़ थाना अंतर्गत 50 वर्षीय महिला की मोटरसाइकिल से गिरने से मौत हो गई। सरोजबाई पत्नी भागीरथ रैकवार निवासी पीपलवाड़ी महावीरपुरा गुना ग्राम विजयपुर के पास मोटरसाइकिल से गिर गई थी जिससे उसे गंभीर चोटें आई थी। उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है।

अवैध शराब बेचते युवक को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अंतर्गत पुरानी गल्ला मंडी में एक युवक को अवैध शराब का विक्रय करते हुए पुलिस ने पकड़ा है। शिवजीत पुत्र वीरभान सिंह यादव शंकर कॉलोनी पुरानी गल्ला मंडी में अवैध शराब का विक्रय कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1444 रुपए कीमत के 19 क्वार्टर जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

राष्ट्रीय गोसेवा परिषद ने मनाई जन्माष्टमी



अशोकनगर। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय गो सेवा परिषद द्वारा गो सेवा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोमाताओं को श्रद्धापूर्वक हरा चारा खिलाकर जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। गो सेवकों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का गोमाता से विशेष प्रेम था और उन्होंने अपना जीवन गौ सेवा तथा धर्म की रक्षा का संदेश देते हुए व्यतीत किया। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए जन्माष्टमी के अवसर पर गौमाताओं की सेवा कर पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान गौमाताओं को हरा चारा खिलाया गया तथा उनकी देखभाल और सेवा का संकल्प लिया गया। गौ सेवा परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि गौ सेवा केवल एक सेवा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद ने कहा कि संगठन द्वारा आगे भी गौमाताओं के संरक्षण, सेवा और उनके लिए चारा-पानी की व्यवस्था जैसे कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे। जहां गौ सेवा होती है, वहां भगवान श्रीकृष्ण की कृपा बनी रहती है। गौ सेवक अभिषेक मोहरी, आकाश पटेल, दिव्यांश यादव, रवि वंशकार, और अन्य गौ सेवक उपस्थित रहे।

सरकार से शिक्षकों की समस्या का समाधान करने की मांग की

शिक्षकों ने काली पट्टी और काले कपड़े पहनकर शिक्षक दिवस पर टीईटी परीक्षा का विरोध किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





टीटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर और काले कपड़े पहनकर शिक्षक दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया। शिक्षकों ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने टीइटी की अनिवार्यता के कारण नौकरी और परिवार के भविष्य को लेकर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव ने कहा कि शिक्षक दिवस पर इस तरह विरोध दर्ज कराना शिक्षकों की मजबूरी और पीड़ा को दर्शाता है। उन्होंने सरकार से शिक्षकों की समस्या का मानवीय आधार पर समाधान करने की मांग की। कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर मध्यप्रदेश विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को टीइटी से छूट देने का प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार को तत्काल पहल करनी चाहिए। वहीं राज्य अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे ने कहा कि तमिलनाडु की तर्ज पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा भी वहां के शिक्षकों को टीइटी से छूट देने के संबंध में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर अपने शिक्षकों के हित में विधानसभा के माध्यम से पहल कर सकता है, तो मध्यप्रदेश विधानसभा को भी इसी प्रकार प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजना चाहिए।

शिक्षकों ने कहा कि अनेक शिक्षक 50 से 55 वर्ष की उम्र में हैं। उनके सामने बच्चों की शादी, परिवार की जिम्मेदारी, नौकरी और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं। ऐसे में वे सवाल कर रहे हैं कि जम्म की तैयारी करें, नौकरी करें, बच्चों की शादी करें या अपना इलाज करवाएं? शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि यदि टीइटी की परीक्षा देना अनिवार्य किया जा रहा है तो कम से कम छह माह की सवेतन छुट्टी देकर परीक्षा की तैयारी का अवसर दिया जाए और इसके बाद टीइटी परीक्षा आयोजित की जाए। शिक्षकों ने केंद्र एवं राज्य सरकार से अपील की कि शिक्षक दिवस पर गुरु दक्षिणा के रूप में 2010 तक नियुक्त शिक्षकों को टीइटी से छूट देने का प्रावधान किया जाए और उनके भविष्य को सुरक्षित किया जाए। कार्यक्रम में भीम सिंह यादव, जिला अध्यक्ष, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ दिलीप सिंह रघुवंशी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष, रामगोपाल शिवहरे, जिला अध्यक्ष, राज्य अध्यापक संघ आदि शामिल रहे।

टोरिया स्कूल में बालसभा का आयोजन किया



जन्माष्टमी के अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा टोरिया स्कूल पहुंचकर बालसभा का आयोजन किया गया। जहां छोटी-छोटी बच्चियों द्वारा मनभावन नृत्य एवं सुरीले गीत प्रस्तुत किए छोटे-छोटे बच्चों ने भाषण दिए और जनरल नॉलेज कम्पटीशन मे भाग लिया। सभी ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम के अंत मे बच्चो को सर्टिफिकेट एवं प्राइज भी समिति द्वारा प्रदान किये गए ऐसी बालसभा करने से छोटे छोटे बच्चो के अंदर से मंच पर बोलने की भाग लेने की जिजक दूर हो इस अवसर पर अध्यक्ष मीता सदाना सचिव रोशनी गेरा सोनिया छावडा डिंपल सदाना ऋचा सदाना, रिंकी सलूजा, सुनीता छावडा, अन्नु छाबड़ा, आदि सदस्य उपस्थित रहीं।

मंदिर में प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से हमला, विरोध में किया चक्काजाम



पिपरई। नगर के रामलीला मैदान स्थित बालाजी मंदिर में शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब ग्राम लिधोरा निवासी नीलेश पुत्र सुखचंद नरवरिया पर मंदिर में स्थापित श्री बालाजी भगवान की प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से हमला करने का आरोप लगा। घटना के दौरान मंदिर प्रांगण में रामायण पाठ कर रहे लोगों के साथ गाली-गलौज किए जाने की भी बात सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के बाद मंदिर में मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले गई। घटना की जानकारी फैलते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग रामलीला मैदान पर एकत्रित हो गए और घटना के विरोध में करीब तीन से चार घंटे तक चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने मंदिर की क्षतिग्रस्त प्रतिमा को हटाकर वहां नई प्रतिमा स्थापित करने मांग की।

लोगों ने आरोपी के परिवार के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करने तथा अवैध निर्माण होने की स्थिति में बुलडोजर कार्रवाई की मांग प्रशासन के सामने रखी है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि धार्मिक स्थल पर हुई इस घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। खबर लिखे जाने तक रामलीला मैदान पर चक्काजाम जारी था। पुलिस ने नियमविरुद्ध निर्माण किए जाने पर आरोपी के मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई की है।



सीएम को जिले में हो रहे नवाचारों से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों और तकनीकी पहलों को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित 'एजुकेशन डायलॉग बेहतर शिक्षा के नए विचार' कार्यक्रम में अशोकनगर जिले की शैक्षिक प्रगति और डिजिटल पहलों की विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांदीपनी शासकीय अहिल्या आश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इंदौर में आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के समस्त जिलों के विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों एवं आगामी योजनाओं को साझा किया गया।

मुख्यमंत्री ने अशोकनगर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में हो रही प्रगति और किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए इन प्रयासों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री की इस सराहना से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों को नई पहचान मिली। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा ने अशोकनगर जिले में संचालित विभिन्न शैक्षिक नवाचारों तथा आगामी समय में प्रस्तावित पहलों की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने जिले में डेवलप किए जा रहे ऐप सिस्टम के संबंध में भी जानकारी साझा करते हुए बताया कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों को अधिक प्रभावी, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संवाद के दौरान शिक्षा में तकनीक के बढ़ते महत्व, डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग, नवाचार आधारित शिक्षण तथा विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। जिले में तकनीक के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित एवं व्यवस्थित करने की पहल को शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया। इस अवसर पर सहायक संचालक सुश्री एनिश जैन, सांदीपनी विद्यालय अशोकनगर से अंकित जैन तथा पीएम गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, मुंगावली से सृष्टि हरदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ डिजिटल नवाचार, तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया गया। एजुकेशन डायलॉग शिक्षा व्यवस्था में नए विचारों और नवाचारों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बना।

करैरा में पुलिस-आबकारी की संयुक्त कार्रवाई

8,000 लीटर अवैध गुड़ का लहान नष्ट, 40 लीटर कच्ची शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा/शिवपुरी



थाना करैरा पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कंजर बस्ती डेरा बायपास रोड करैरा से कुल 8,000 लीटर अवैध गुड़ का लहान (कच्ची शराब बनाने की सामग्री) नष्ट किया है, साथ ही 40 लीटर देशी अवैध कच्ची शराब भी जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भुटिया के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.डी. प्रजापति एवं एसडीओपी आनंद राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद सिंह छावई की टीम लगातार मुखबिरों के माध्यम से कार्रवाई कर रही है।

मुखबिर से सूचना मिली थी कि कंजर बस्ती डेरा बायपास रोड पर हजारों लीटर अवैध गुड़ का लहान रखा हुआ है, जिससे बड़ी मात्रा में कच्ची शराब तैयार की जाने वाली थी। सूचना आबकारी विभाग करैरा को दी गई और संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर बस्ती के पास खड़े दो व्यक्ति भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम रवि कंजर और रिंकू कंजर बताया।

आरोपियों के मकान के पीछे बने बेड़ा (शराब भट्टी स्थल) की तलाशी में अलग-अलग स्थानों पर रखे 21 ड्रमों में अनुमानित 8,000 लीटर गुड़ का लहान भरा मिला, जिसे आबकारी विभाग ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। दोनों आरोपियों के कब्जे से 20-20 लीटर कच्ची शराब भी जब्त की गई। लाइसेंस मांगे जाने पर आरोपी कोई वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके।

आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी एक्ट की धारा 34(1), 34(F) के तहत थाना करैरा पर अपराध क्रमांक 613/25 एवं 614/26 पंजीबद्ध किया गया है।

बरामद मालः 02 ड्रम, 20-20 लीटर कच्ची शराब से भरे — कुल कीमत लगभग 4 हजार रुपये।

कार्रवाई में रही भूमिकाः थाना प्रभारी करैरा निरीक्षक विनोद छावई, सउनि शैलेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर0 प्रतिपाल सिंह, प्रआर0 राजेन्द्र चौहान, आर. जितेन्द्र कुमार, आर. गोविन्द रावत, आर. आशीष शर्मा, आर. जितेन्द्र गुर्जर तथा आबकारी विभाग करैरा से उपनिरीक्षक विनीत शर्मा, उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता, उपनिरीक्षक बृजराज शर्मा, प्रआर0 गिर्राज आदिवासी, प्रआर0 सतीश जयंत, आर. मुकेश माहौर, आर. डोगर सिंह एवं आर. डाल सिंह की मुख्य भूमिका रही।

राजपुर में भजन संध्या का आयोजन किया


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



हनुमान मंदिर राजपुर में श्रीं कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं कान्हा के लिए सुन्दर पोषाकों को रख कर अपने अपने घरों से थाली सजा सजा कर लाईं। हनुमान मन्दिर परिसर में रात्रि कों भजन कीर्तन चलते रहे। जैसे ही रात्रि को कांटे की सुई बारह बजे पर पहुंची तो जयजय कारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। जय कन्हैया लाल की घोड़ा ना पालकी जह कन्हैया लाल की वहां पर झूला डाला गया जिसमें कन्हैया लड्डू गोपाल कों उस झूलें में रख कर भक्तों ने झूला झुलाया। इसी तरह छोटे-छोटे बच्चों कों श्रीं कृष्ण की पोशाक पहना कर सजाया गया जो देखते ही वनता था। मन्दिरों के अलावा भी कसवे में गांव वासियों ने अपने अपने घरों में भी वड़े धूमधाम के साथ-साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन रख कर श्री कृष्ण जी को छप्पनभोग लगाकर यह पर्व मनाया।

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय ने शनिवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लड बैंक में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा विभिन्न दस्तावेजों एवं अभिलेखों का परीक्षण किया। कलेक्टर मालवीय ने ब्लड बैंक में रक्त संग्रहण, उपलब्ध रक्त की स्थिति, वितरण व्यवस्था तथा दैनिक रिकॉर्ड का अवलोकन किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए दस्तावेजों का नियमित रूप से संधारण एवं अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता एवं वितरण से संबंधित समस्त जानकारी व्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से दर्ज की जाए। साथ ही रक्तदाताओं से संबंधित रिकॉर्ड, रक्त संग्रहण एवं परीक्षण की प्रक्रिया तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों का नियमानुसार संधारण सुनिश्चित किया जाए। एक दौरान उन्होंने ओपीडी के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर बीएल टैगोर उपस्थित रहे।

यादव महासभा ने धूमधाम से निकाला चल समारोह

मुंगावली में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली





हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुंगावली में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें यादव महासभा द्वारा सुबह 11 बजे से चल समारोह निकला, जो नगर परिषद ग्राउंड से चन्देरी रोड बस स्टैंड पुराना बाजार मल्हारगढ़ रोड़ इमली चौराहा पोस्ट ऑफिस चौराहे से नगर परिषद ग्राउंड पर धर्म सभा आयोजित की गई।

चल समारोह में भगवान श्री कृष्ण के रूप में राधा कृष्ण की भेष में आकर्षण बच्चो को सजाकर बैठाया गया साथ मे श्री रणछोर धाम के महंत श्री बलरामपुरी जी महाराज घोड़ा बग्गी में बिराजमान रहे भगवान श्री कृष्ण के पूजन के साथ प्रारंभ हुए जुलूस में घोड़ा बग्गी डीजे बेंड बाजे के साथ दिल दिल घोड़ी भी आकर्षक का केंद्र रही ततपश्चात मंच पर भगवान श्री कृष्ण का बिधि विधान से पूजन-अर्चन किया गया । आयोजन में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. कृष्णपाल सिंह यादव नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष पूर्व सांसद झांसी चंद्रपाल सिंह यादव अध्यक्ष क्रवको प्रदेश महासचिव कांग्रेस राव यादवेंद्र सिंह यादव ज्ञानलय परिवार के संयोजक अर्जुन सिंह यादव कार्यक्रम अध्यक्ष राजा यादव सिलावन सहित छेत्र के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जुलूस का जगह जगह स्वागत किया गया रास्ते मे चल समारोह का केला फल खीर प्रसाद आदि से लोगो ने स्वागत किया रास्ते मे जुलूस पर पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ जगह जगह समस्त समाजो के अध्यक्ष द्वारा चल समारोह का भव्य स्वागत हुआ और भगवान की आरती पूजन हुआ रात्रि में भजनसंध्या कार्यक्रम में हरनाम सिंह नरवरिया के साथ श्रीमती गीता देवी भजनों के कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी गई जो देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा।

हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंजे मंदिर

शाढौरा। स्थानीय सोनी मंदिर पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आसपास के क्षेत्रो में व नगर में भक्तों में खासा उत्साह देखा गया। मंदिरों से लेकर घरों तक कान्हा के जन्मोत्सव की तैयारियां की गई। दिनभर व्रत रखने के बाद भक्तो ने रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया। वहीं मध्य रात्रि 12 बजे भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर मंदिरों में भारी संख्या में भक्त पहुंचे और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की नंद के आनंद भयो यशोदा के लाल भहे जय कन्हैया लाल की के जयकारे गूंजे। मंदिरों और घरों में बाल गोपाल के लिए सुंदर झूले सजाए गए। मंदिरों में रातभर भजन-कीर्तन और भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। श्री कृष्ण जन्म होने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा बधाई गीत गाए गए। रात को मंदिरों में शंख-घंटियों की गूंज के बीच बाल गोपाल की आरती की गई और भगवान को झूला-झुलाया गया श्रीकृष्ण बांके बिहारी मंदिर में सभी प्रमुख मंदिरों को फूलों, दीपों और रंग-बिरंगी लाइटों मंदिर को सजाया गया था जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में मंदिर कमेटी के सदस्यों के साथ नगर के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। छप्पन भोग व प्रसाद भगवान को माखन-मिश्री, पंजीरी और 56 प्रकार के भोग अर्पित किए गए, जिसे बाद में भक्तों में महाप्रसाद के रूप में बांटा गया।

चंदेरी में प्रशासन की सुरक्षा के बीच गोगावीर की सवारी निकाली



चंदेरी/अशोकनगर। चंदेरी में नवमी को गोगावीर की सवारी निकाली गई। प्रशासन की सुरक्षा के बीच इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सवारी के दर्शन किए। रक्षाबंधन के दूसरे दिन से शुरू हुआ सवारियों का क्रम नवमी के दिन अपने चरम पर पहुंचा। मढ़िया परिसर में लगभग 10 से 15 सवारियों ने शरीर पर लोहे की साकलें मारते हुए हैरतअंगेज धार्मिक कला का प्रदर्शन किया। मान्यतानुसार, सवारियों के माध्यम से देवता जब अवतरित होते हैं, तो लोग अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखते हैं और उनका समाधान पाते हैं। मेले में किसी भी अनहोनी से निपटने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। एसडीओपी महेश शर्मा, तहसीलदार दिलीप दरोगा और थाना प्रभारी प्रशांत यादव की अगुवाई में चंदेरी पुलिस बल के साथ-साथ शाढौरा, ईसागढ़ और करैवाइया थानों का अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। एक ओर जहां आस्था का ज्वार देखा गया, वहीं दूसरी ओर नया बस स्टैंड (चंद्रभान सिंह स्कूल के पास) स्थित भैंसासुर मड़िया पर नगर पालिका की गंभीर लापरवाही सामने आई। दो-तीन घंटे के विश्राम स्थल वाले इस परिसर में पक्की व्यवस्था (सीसी खड़ंजा या पेवर्स) न होने से भारी कीचड़ फैल गया।